संख्या–cm-12
09/01/2024

मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन राष्ट्रीय डॉल्फिन अनुसंधान केन्द्र का किया निरीक्षण, निर्माण कार्य जल्द पूर्ण कराने का दिया निर्देश

पटना, 09 जनवरी 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने निर्माणाधीन राष्ट्रीय डॉल्फिन अनुसंधान केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को निर्माण कार्य की अद्यतन प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव श्रीमती बंदना प्रेयसी ने निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को बताया कि इस जी प्लस टू संरचना में पुस्तकालय, सेमिनार और अकादमिक हॉल के साथ विभिन्न प्रयोगशालायें होंगी।

मुख्यमंत्री ने नये राष्ट्रीय डॉल्फिन अनुसंधान केन्द्र के अंतर्गत निर्माण किए जा रहे विभिन्न भागों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि नये राष्ट्रीय डॉल्फिन अनुसंधान केन्द्र का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय डॉल्फिन अनुसंधान केन्द्र के निर्माण के पीछे की अवधारणा है कि एक ही छत के नीचे भारत के राष्ट्रीय जलीय पशु गंगा डॉल्फिन से संबंधित सभी प्रकार के अनुसंधान किये जा सकेंगे और उनका संरक्षण हो सकेगा। यह शोध संस्थान अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त भारत के राष्ट्रीय जीव गंगा डॉल्फिन के लिये एक प्रमुख शोध केन्द्र बनेगा, जो पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी उत्कृष्ट होगा। गंगा नदी के इस अनुसंधान केन्द्र से सटे होने से डाल्फिन के व्यवहार का अध्ययन किया जा सकेगा।

राष्ट्रीय डॉल्फिन अनुसंधान केन्द्र का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। जब इस केन्द्र का संचालन शुरू हो जायेगा तो यह केन्द्र गंगा डॉल्फिन के संरक्षण और अध्ययन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा।

निरीक्षण के दौरान वित्त, वाणिज्यकर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव श्रीमती बंदना प्रेयसी, भवन निर्माण विभाग के सचिव एवं प्रमण्डलीय आयुक्त श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******